प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक 06.10.2023 समय 18.30

- प्रदेश में तीन और नये जिले बनेंगे–मुख्यमंत्री ने सुजानगढ, मालपुरा और कुचामन सिटी को नया जिला बनाने की घोषणा की।
- निर्वाचन आयोग ने राजस्थान सहित पांच राज्यों में आगामी विधानसभा चुनाव सुचारू कराने के लिए पर्यवेक्षकों के साथ बैठक की।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने नीतिगत रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किया।
- भारत ने हॉगचोओ एशियाई खेलों में पुरूष हॉकी का स्वर्ण पदक जीता– रिकॉर्ड 95 पदक जीतकर भारत चौथे स्थान पर।

0000

प्रदेश में तीन और नए जिले बनाये जाएंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आज जयपुर में एक कार्यक्रम में सुजानगढ़, मालपुरा, कुचामन सिटी को नया जिला बनाने की घोषणा की। इन जिलो के बनने के बाद राज्य में जिलों की संख्या बढकर 53 हो जाएगी। कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत में श्री गहलोत ने कहा कि सरकार ने सोच समझकर यह फैसला किया है। उन्होंने कहा कि छोटे जिले, ब्लॉक ओर राज्य होने से लोगों को अपने काम के लिए दूर नही जाना पड़ेगा ओर उनकी तकलीफ कम होंगी। उन्होंने कहा कि राज्य को मॉडल स्टेट बनाने की पहल के तहत नए जिले बनाये गए हैं।

000

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से कल जारी किया गया विजन 2030 डाक्यूमेंट सरकार की विफलता की ओर से ध्यान भटकाने का प्रयास है। आज प्रदेश भाजपा मुख्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए श्री शेखावत ने कहा कि श्री गहलोत को तीन बार मुख्यमंत्री बनने का अवसर मिला, लेकिन तीसरे कार्यकाल के अंतिम पड़ाव में उन्हें विजन 2030 डॉक्यूमेंट की याद आयी। उन्होंने कहा कि सरकार हर मोर्चे पर विफल रही, जिसके चलते जनता का ध्यान भटकाने के लिए सरकार ने यह प्रयास किया है।

........................

श्री शेखावत ने राज्य की कांग्रेस सरकार की विदाई तय है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कई क्षेत्रों में प्रदेश के देश का शीर्ष राज्य होने का दावा करते हैं, इसके लिए कई तरह के झूठे आंकड़े पेश किए गए। जबकि वास्तविकता यह है कि प्रदेश देश के शीर्ष 10 राज्यों में भी शामिल नहीं है।

000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज सीकर जिले के लक्ष्मणगढ में मोदी विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में छात्राओं को सम्बोधित किया। बाद में उन्होंने श्री तेजाजी मन्दिर सांगलिया में दर्शन किये। उपराष्ट्रपति कल श्रीगंगानगर, हनुमानगढ और जोधपुर के दौरे पर रहेगे। अपने एक दिवसीय दौरे में श्री धनखड सूरतगढ में सेंट्रल स्टेट फार्म और जोधपुर में केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान केन्द्र का दौरा करेंगे। श्री धनखड हनुमानगढ में गोगामेडी मन्दिर और कुंभारा धूणी, भोपालगढ में दर्शन और पूजा–अर्चना भी करेंगे।

000

भारतीय रिजर्व बैंक ने नीतिगत रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किया है। यह 6 दशमलव 5 प्रतिशत पर बनी रहेगी। बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने मौद्रिक नीति समिति की द्विमासिक समीक्षा बैठक के बाद बताया कि उभरते व्यापक आर्थिक, वित्तीय विकास और दृष्टिकोण के विस्तृत मूल्यांकन के बाद समिति ने इसे सर्वसम्मति से कायम रखने का निर्णय लिया है। लगातार चौथी बार इस दर में कोई बदलाव नहीं किया गया है। स्थायी जमा सुविधा–एसडीएफ दर 6 दशमलव दो पांच प्रतिशत और सीमांत स्थायी सुविधा–एमएसएफ दर और बैंक दर 6 दशमलव सात पांच प्रतिशत पर बनी हुई है। रिजर्व बैंक की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि जुलाई में मुद्रास्फीति में वृद्धि हुई और इसका कारण टमाटर और अन्य सब्जियों की कीमतों में तेजी होना रहा। अगस्त में इसमें आंशिक रूप से सुधार देखने को मिला। सितंबर में कीमतों में कमी के कारण मुद्रास्फीति में नरमी आई।

खाद्य और ईंधन को छोड़कर मुख्य मुद्रास्फीति में गिरावट का रुख है। मुद्रास्फीति पर काबू पाने और आर्थिक वृद्धि बनाए रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है। वर्ष 2023–24 के लिए वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर साढे छह प्रतिशत रहने का अनुमान है।

000

राज्य सरकार ने किसानों के कल्याण और उत्थान के लिए 'राजस्थान राज्य कृषक ऋण राहत योजना आयोग' का गठन किया सरकार ने सेवानिवृत न्यायाधीश प्रकाशचंद गुप्ता को आयोग का अध्यक्ष मनोनीत किया है। इसके अलावा सेवानिवृत आईएएस पी.के. गोयल, महाराणा प्रताप कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एस.एन. राठौड़, हरिकुमार गोदारा और सुनील गहलोत को आयोग का सदस्य मनोनीत किया गया है। यह आयोग बैंकों और किसानों के बीच ऋण संबंधी विवादों को समझाइश और बातचीत के माध्यम से निपटाएगा तथा कृषि ऋण से संबंधित विभिन्न सुझाव देगा।

000

रिजर्व बैंक ने दो हजार रुपये के नोटों को बदलने या उन्हें जमा करने की समय सीमा नजदीक आने पर कहा है कि करीब साढे तीन प्रतिशत यानि 12 हजार करोड़ रुपये मूल्य के नोट अभी भी प्रचलन में है। आज मुंबई में संवाददताओं से बातचीत करते हुए रिर्जव बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि करीब 3 लाख 43 हजार करोड़ रुपये के नोट प्रचलन से वापस आ गए हैं। दो हजार रूपयें के नोटों को इस साल 19 मई को प्रचलन से वापस लेने का फैसला किया गया था। दो हजार का नोट वैध मुद्रा होने के बावजूद, बैंक इन्हें निर्धारित तिथि यानि कल 7 अक्टूबर के बाद स्वीकार नहीं करेंगे।

000

जी–20 देशों के संसद अध्यक्षों का नौवां सम्मेलन इस महीने की 13 और 14 तारीख को नई दिल्ली में होगा। सम्मेलन की थीम है – एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के लिए संसद। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज नई दिल्ली में मीडिया को बताया कि इस सम्मेलन में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और ऊर्जा से संबंधित विषयों के साथ जलवायु परिवर्तन पर गहन विचार–विमर्श होगा।

...............

000

निर्वाचन आयोग ने पांच राज्यों में आगामी विधानसभा चुनाव सुचारू रूप से कराने के लिए रणनीति तय करने के बारे में नई आज दिल्ली में पर्यवेक्षकों के साथ बैठक की। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार तथा चुनाव आयुक्त अनूप चन्द्र पांडे और अरूण गोयल ने सामान्य, पुलिस और व्यय पर्यवेक्षकों के साथ विचार विमर्श किया। ये पर्यवेक्षक चुनाव के दौरान चुनावी प्रक्रिया की निगरानी में महत्विपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं उनमें राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ, तेलंगाना और मिजोरम शामिल हैं।

000

प्रदेश में निष्पक्ष ओर शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने के लिए विभिन्न एजेंसियों ने कार्यवाही शुरू कर दी है। राज्य में पिछले एक माह में विभिन्न एजेंसियों ने 125 करोड रूपये से ज्यादा की सामग्री और नकदी जब्त की है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि पिछले एक माह में 64 करोड़ रुपये से ज्यादा के नशीले पदार्थ जब्त किए जा चुके हैं। अब तक 9 करोड़ 72 लाख रुपये नकद औरर करीब 15 करोड़ की शराब जब्त की जा चुकी है।

000

भारत ने हॉगचोओ एशियाई खेलों में पुरूष हॉकी का स्वर्ण पदक जीत लिया है। फाइनल में भारत ने जापान को 5–1 से हरा दिया। पुरूषों के ब्रिज में भारत ने रजत पदक हासिल किया। इससे पहले तीरंदाजी के महिला रिकर्व में कांस्य पदक जीता जबकि पुरूष टीम ने रजत पदक हासिल किया। इसी तरह भारतीय महिलाओं ने सेपकटकरॉ में कांस्य पदक जीता। महिला कुश्ती में 62 किलो फ्री स्टाइल वर्ग में सोनम ने और 76 किलो फ्री स्टाइल में किरण बिश्नोई ने कांस्य पदक जीत जीत लिया।

पुरूष कुश्ती में 57 किलो फ्री स्टाइल में अमन ने कांस्य पदक हासिल किया। बैडमिंटन के व्यक्तिगत मुकाबलों में एच.एस. प्रणय ने तीसरे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। भारत ने अब तक कुल 95 पदक

हासिल किये हैं, जो एक रिकॉर्ड है। अब तक 22 स्वर्ण पदक, 34 रजत और 39 कांस्य पदक जीतकर भारत पदक तालिका में चौथे स्थान पर बना हुआ है।

000

सवाईमाधोपुर में केन्द्रीय संचार ब्यूरो और नेहरू युवा केन्द्र की ओर से मेरी माटी मेरा देश, स्वच्छता ही सेवा और युवा संवाद 2047 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पंच प्रण की शपथ ली। इस अवसर पर आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में युवाओं ने 2047 तक देश में आने वाले बदलाव और जरूरत के बारे में चर्चा की। केन्द्रीय संचार ब्यूरो की ओर से इस मौके पर केन्द्र की योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया और विजेताओं को पुरस्कार दिये गये।

000

हनुमानगढ जिले की भिरानी पुलिस ने बडी कार्यवाही करते हुए 90 क्विन्टल 70 किलो अवैध लाल चन्दन की लकड़ियां पकडी है। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। बरामद चंदन लकड़ी की कीमत 10 करोड़ रूपये आंकी गई है।

000

बीकानेर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए जिला कलक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने निषेधात्मक आदेश आगामी दो माह तक बढ़ा दिए हैं। इस दौरान शाम 7बजे से सुबह 6 बजे तक अनुमति के बिना आवाजाही पर प्रतिबंध रहेगा।

000